Title: Need to provide more railway facilities at Chitrakutdham Karvi railway station in Banda Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री राम सजीवन (बांदा) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में मेरे निर्वाचन क्षेत्र बांदा के अंतर्गत चित्रकूटधाम करवी रेलवे स्टेशन मध्य रेल के झांसी मंडल के बांदा सैक्शन में एक प्रमुख एवं प्रसिद्ध रेलवे स्टेशन है। धार्मिक भावना एवं पर्यटन की दृटि से प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में यात्रीगण आते और जाते रहते हैं। प्रति माह अमावस्या के अवसर पर पांच दिनों तक भारी भीड़ रहती है और यात्रियों को ढोने के लिए कई स्पेशल ट्रेने चलानी पड़ती हैं। ट्रेनों की कमी के कारण लोगों को मजबूरत छतों पर बैठकर यात्रा करनी पड़ती है। इस स्टेशन पर दो ट्रेनें एक साथ खड़ी होती हैं। परंतु दूसरा प्लेटफार्म व तीसरी रेल लाइन (लूप लाइन) नही होने के कारण यात्रियों को बड़ी कठिनाई होती है। बूढ़े-बच्चे-महिलाएं अक्सर चोटें खाते हैं। दुर्घटनाएं होती हैं। लोगों के अंग-भंग होते हैं तथा जानें जाती हैं। कुछ ही दिनों पूर्व 15 जुलाई, 2000 में ट्रेन नं. 5010 से राजकीय रेलवे पुलिस का सरकारी ड्यूटी में कार्यरत एक सिपाही ट्रेन से उतरते समय गिरकर कट गया। उनको तुरंत आर्थिक सहायता दी जाय तथा चित्रकूट धाम करवी रेलवे स्टेशन में एक नई रेल लाइन (लूप लाइन) बनाकर दूसरे प्लेटफार्म तथा पैदल पुल का निर्माण शीघ्र कराया जाए तथा यात्रियों की जान-माल को बचाने हेतु प्रबंध किया जाए।